# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–30 अगस्त 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से अपने विचार साझा किये। विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा अभियान की चर्चा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पूरे देश में यह अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। बहुत सारे लोग और विशेषकर युवा बड़ी संख्या में नशा मुक्त युवा और नशा मुक्त भारत अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से नशा मुक्त भारत के लिए प्रभावशाली नारा तैयार करने और युवा संगीतकारों से ऐसे गीत बनाने को कहा जो नशा मुक्त जीवन का संदेश दे।

***नशा मुक्त भारत के लिए क्या आप कोई पावरफुल स्लोगन बना सकते हैं? क्या हमारे यंग म्यूजीशियन, ऐसे शांग्स बना सकते हैं, जिनमें ड्रग फ्री लाइफ का मैसेज हो? क्या स्टूडेंट्स और थीऐटर ग्रुप दिल को छू लेने वाले सार्ट प्लेज लिख सकते हैं जिनमें ड्रग्स के खतरों के साथ–साथ उनसे बाहर निकलने का रास्ता भी हो। मेरा आग्रह है कि वे अलग–अलग भाषाओं में ऐसा कंटेंट बनाएं जिससे इस दिशा में समाज को मदद मिले।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को नई शक्ति प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लाभार्थियों में करीब छियालीस प्रतिशत महिलायें ही हैं। गाजियाबाद की बबीता शर्मा की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने पीएम स्वनिधि से मिली आर्थिक मदद के जरिये अपने कारोबार का विस्तार किया है।

स्वच्छ भारत अभियान की चर्चा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जब किसी जगह को स्वच्छ रखने का संकल्प लोगों का अपना संकल्प बन जाता है तो उससे, उस जगह की पहचान पूरी तरह बदल जाती है। इस क्रम में उन्होंने प्रदेश के पटवाई के आकाश और रोहन का उल्लेख किया।

***उनके आसपास का इलाका गंदगी से भर गया है। बस, फिर क्या था, आकाश और रोहन ने कचरे के बैग उठाए और सफाई के लिए निकल पड़े। धीरे–धीरे दूसरे युवा भी उनके साथ जुड़ने लगे। एक टीम भी बन गई। जिसका नाम है– 'क्लीन–अप पटवाई'। ये युवा अब तक चार गंगा घाटों को साफ कर चुके हैं।***

प्रधानमंत्री ने लोगों से त्यौहारों के इस मौसम में वोकल फॉर लोकल के समर्थन का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हम अपने घर के लिये जो भी सामान खरीदें, उसमें एक बार यह जरूर देख लें कि वह भारत का बना हो।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ छावनी के दिलकुशा लॉन परिसर में एक सौ एक करोड़ रूपये की लागत वाली चौदह विकास परियोजनाओं का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने छावन क्षेत्र के प्रमुख बाजारों के अंग्रेजी नाम बदलकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और महान विभूतियों के नाम पर रखने की घोषणा की। रक्षा मंत्री ने कहा कि बाजारों के नाम बदलना केवल औपचारिकता नहीं है बल्कि इसका उद्‌देश्य भावी पीढ़ी को देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और विभूतियों के जीवन से प्रेरणा दिलाना है। उन्होंने बताया कि छावनी क्षेत्र के कई बाजारों का नाम वीरांगना उदा देवी, लोक माता अहिल्याबाई होल्कर और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जैसे महान विभूतियों के नाम पर किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार के समन्वय से लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में तेज गति से विकास हुआ है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री असीम अरूण भी मौजूद रहे। आज ही रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में वीरांगना अवन्तिबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

**********

नेपाल बाढ़ में मृतकों की संख्या 734 हो गई है। लगभग 2 हजार पांच सौ लोग अब भी लापता हैं। आपदा के पांचवें दिन भी बचावकर्मी लापता लोगों की तलाश और फंसे हुए लोगों को बचाने में जुटे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि 11 टन राहत सामग्री लेकर चौथा विमान आज नेपाल पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि अब तक एक सौ आठ भारतीय नागरिकों को बचाया जा चुका है। दो सौ पचहत्तर भारतीय और अन्य देशों के भरतीय मूल के एक सौ अट्‌ठाईस लोग अभी भी लापता हैं। वहीं, चीन में नौ सौ भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं और पेइचिंग में भारतीय दूतावास के संपर्क में है। मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार प्रभावित लोगों के शीघ्र बचाव और राहत कार्यों के लिए नेपाल और चीन के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

**********

बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश की कई नदियों का जलस्तर बढ रहा है। अतिवृष्टि के कारण पिछले कुछ दिनों में करीब 26 जनपद बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी उफान पर है। वाराणसी में गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बलिया में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। कौशाम्बी जिले में यमुना का जलस्तर बढ़ने से कई गांवों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे में प्रदेश में गरज और चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

**********